'बदलते उप्र' की तस्वीर देश-दुनिया के सामने पेश करेगी योगी सरकार

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

जीबीसी 4.0

10 लाख करोड़ की 14 हजार परियोजनाओं की रखी जाएगी आधारशिला

33.50 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-4.0) के जरिए नया इतिहास रचने में जुटी योगी सरकार 'बदलते उत्तर प्रदेश' की तस्वीर को भी देश-दुनिया के सामने पेश करेगी। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी के मध्य आयोजित होने वाले भव्य समारोह में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि फरवरी-2023 में आयोजित हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए प्रदेश सरकार को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, उनमें से 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं की आधारशिला जीबीसी में रखी जाएगी। इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से 33.50 लाख लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

जीबीसी के आयोजन की विस्तृत कार्ययोजना की रूपरेखा तय कर ली गई है। कार्ययोजना के अनुसार, 19 फरवरी को प्रधानमंत्री जीबीसी का उद्घाटन करेंगे। वहीं, 19 से 21 फरवरी के मध्य भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेष सेक्टर को शोकेस किया जाएगा।

इसी प्रकार, सेक्टर आधारित सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व कारपोरेट सामाजिक दायित्व के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की वर्तमान स्थिति और भविष्य की रूपरेखा को दर्शाया जाएगा। 20 फरवरी को इन विषयों पर दो संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। कारपोरेट सामाजिक दायित्व संबंधी संगोष्ठी में कारपोरेट जगत के दिग्गज उपस्थितजन से सीधे संवाद करेंगे।

वहीं, प्रदेश के छह प्रमुख विभाग महिला एवं बाल विकास, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्ध विकास विभाग तथा खेल विभाग परियोजनाओं के अनुरूप उठाए गए कदमों की जानकारी साझा करेंगे।

प्रदर्शनी में दिखेगी 'नव्य उत्तर प्रदेश' की झलक

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 1,250 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें नव्य उत्तर प्रदेश की झलक देखने को मिलेगी। इसमें एआइ पवेलियन, टेक्सटाइल, लाजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, डाटा सेंटर, इलेक्ट्रानिक्स एवं आइटी, ईवी एवं नवीकरणीय ऊर्जा, फिल्म सिटी, मेडिकल व ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

नए अवसरों को अनलाक करने पर किया जाएगा फोकस

'एफडीआइ एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : अनलाकिंग अपारचुनिटीज इन उत्तर प्रदेश' विषय पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य राज्य में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योगपतियों, नीति निर्माताओं एवं संभावित निवेशकों को एक मंच उपलब्ध कराना है।